इन्दौर समाचार ...दिनांक...24/1/...2021

स्वच्छता नियमो का पालन कर नागरिक शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए

# स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत कचरा मुक्त स्थल पर वार्ड 34 के नागरिकों ने लिया वार्ड-शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प

इन्दौर 24/1/21

रतलाम। अपने घर और आसपास के क्षेत्र को साफ सुंदर देखना हर कोई पसंद करता है, मगर इच्छाशक्ति के अभाव में सडकों पर कचरे का ढेर, सडकों पर बहता नालियों का पानी, सडकों और नालों में यहां-वहां बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि हम सभी स्वच्छता नियमों का पालन करते हुए घरो में चार डस्टबिनों का उपयोग करें। गीला- सूखा कचरा इसके संग्रहण वाहन में ही डाले। अगर हम सब इन नियमों का पालन करेगे तो शहर देश में नम्बर- 1 बन जाएगा।

शहर के वार्ड नम्बर 34 से हटाए गए कचरा स्थलो पर रांगोली निर्माण व दीपदान के दौरान उक्त संकल्प क्षेत्रीय रहवासियों ने लिया। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगो को जागरुक किया जा रहा है। शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की और से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रांगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## गंदगी करने पर 23 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रुम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर मित्तल एग्रो गायत्री टॉकिज रोड पर 300, करण, शांतिलाल, गोपाल, जीवन मोबाईल, सुरेश, अब्दुल, कनक इलेक्ट्रॉनिक, मोहम्मद इब्राहिम, सैलाना बस स्टैण्ड, गायत्री स्टोर, चौहान रुई भण्डार, न्यू किसान, प्रभात किरण, जुल्फीकार, विष्णु, कृष्णा खाद बीज भण्डार, गायत्री टॉकिज रोड, वैभव कलेक्शन, गरबा साड़ी शहर सराय पर 250-250, ठाकुर शुज सैलाना बस स्टैण्ड, सत्री गोयल गायत्री टॉकिज रोड पर 200-200 व गोपाल सैलाना बस स्टैण्ड पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन पीओएस मशीन के माध्यम से ऑन लाईन किया गया।

इन्दौर 24/1/21

## सामुदायिक संगठिकाओं को सेवा अनुबंध समाप्ति हेतु सूचना पत्र जारी

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) शाखा की सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, श्रीमती हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय द्वारा पी.एम. स्वनिधी प्रकरणों के लक्ष्य की पूर्ति नहीं किये जाने पर सेवा अनुबंध समाप्ति हेतु कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा 20 जनवरी को आयुक्त कक्ष में आयोजित टी.एल. की बैठक में उपस्थित नहीं होने पर एक दिवस का वेतन काटने निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा संबंधित को दिये।

स्वदेश 24/1/21

## गणतंत्र दिवस पर रहेगा शुष्क दिवस

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी पर जिले में शुष्क दिवस रहेगा। जिला दंडाधिकारी गोपालचन्द्र डाड द्वारा जारी आदेशानुसार जिले में देशी-विदेशी मदिरा दुकाने बाईनरी, वाईन आउटलेट, होटलबार तथा सभी मद्यभाण्डागार बन्द रहेंगे। शुष्क दिवस पर जिले में मदिरा के अवैध धारण, परिवहन एवं विक्रय पर पूर्ण अंकुश रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं।

दबंग 24/1/21

# निगम से नहीं ली अनुमति और टांग दिए होर्डिंग, प्रकरण दर्ज

215

रतलाम(आरएनएन)। शुभम इण्डस्ट्रीज तीतरी जिला रतलाम द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड से बरबड़ तक, कस्तुरबा गर मुख्य मार्ग, दो बत्ती से स्टेशन रोड तक, महू नीमच रोड, मित्र निवास रोड, फव्वारा चौक से कोर्ट तिराहे आदि स्थानों के विद्युत पोल पर अवैध रूप से होर्डिंग लगाये जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार थाना स्टेशन रोड पर एफआईआर दर्ज कराई गई। शुभम् इण्डस्ट्रीज तीतरी जिला रतलाम द्वारा उक्त स्थलों के विद्युत पोलो पर 2 बाय 2 के विज्ञापन होर्डिंग अवैध रूप से लगाये जाने पर संपत्ति विरूपण अधिनियम का उल्लंघन करने पर एफआईआर दर्ज कराई।

संपत्तिकर व जलकर के लिए लग रहे शिविर

# आज से विनोबा नगर में लगेगा निगम का बकाया वसूली शिवि

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निगम से संबंधीत करों को जमा कराने हेतु वार्ड वार बकाया वसूली शिविर 18 जनवरी से आयोजित किये गये है जो 27 मार्च तक चलेंगे। सोमवार से शहर के विनोबा नगर में शिविर का आयोजन होगा।

निगम द्वारा आयोजित शिविरों में नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए गांधीनगर शिविर में संपत्तिकर 1 लाख रुपए व जलकर 6 ह मालवा नगर लक्ष्मणपुरा शिविर संपत्तिकर 1.40 लाख रुपए जलकर 55,775 रुपए, अम्बे म जवाहर नगर शिविर में संपत्ति 2.38 लाख रुपए व जलक 49,010 रुपए की राशि जमा करा इस तरह नागरिकों ने अब तक आयोजित शिविरों में 4.88 लाख रुपए संपत्तिकर व 1,10,785 रुपए जलकर की राशि जमा कराई।

पत्रिका

# विभाग को जमीन का हस्तांतरण किया

न्यायालय कलेक्टर जिला रतलाम प्रकरण क्रमांक 23/अ-20/(3) 2013-14 पारित आदेश दिनांक 12.06.14 द्वारा ग्राम करमदी की शासकीय भूमि खसरा नंबर 545/1, 545/ 6 व 545 /8 की कुल रकबा 32.29 हेक्टर (80.725 एकड़) भूमि में से 35 एकड़ भूमि हार्टिकल्चर हब की स्थापना हेतु सुरक्षित रखकर बाकी 18.15 हेक्टर (45.725 एकड़) भूमि नमकीन एवं एलाइड फूड प्रोडक्ट की स्थापना हेतु विभाग को हस्तांतरित की गई है। इसके पालन में दिनांक 17.06.14 को उक्त भूमि का आधिपत्य प्राप्त किया गया है, उक्त भूमि म.प्र. औद्योगिक केन्द्र विकास निगम, उज्जैन को नमकीन व एलाइड फूड प्रोडक्ट की स्थापना हेतु हस्तांतरित की गई है।

भास्कर

## ये काम हो चुके हैं

» सीसी सड़क, ड्रेनेज सिस्टम, पानी की टंकी, स्ट्रीट लाइट व अन्य।
» ये काम चल रहे - वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, बिजली सब स्टेशन, धोलावड़ से पानी की पाइप लाइन जोड़ना।
» उद्योग लगने के लिए करमदी में तैयार नमकीन क्लस्टर।
» 30 साल की लीज, रख-रखाव शुल्क भी लगेगा

नमकीन और एलाइड फूड प्रोडक्ट बनाने की इकाई लगाने के लिए एकेवीएन क्लस्टर के भूखंडों की ऑनलाइन बुकिंग कर रहा है। प्रारंभ में क्लस्टर के भूखंड 30 साल की लीज पर दिए जाएंगे। इसके बाद उद्योगपतियों को लीज रिन्यू कराना पड़ेगी। इतना ही नहीं उद्योगों को रखरखाव शुल्क भी देना होगा, जो तय होना बाकी है।

भास्कर

# नमकीन क्लस्टर : 30 उद्योगपतियों को जमीन का आवंटन

शहर को नई उड़ान देने वाला संभाग का पहला नमकीन क्लस्टर करमदी में बन रहा बनकर तैयार हो गया है। अभी अंतिम दौर का फिनिशिंग चल रहा है, यह भी माह अंत तक पूरा हो जाएगा। शुरुआती दौर में क्लस्टर में 30 से ज्यादा उद्योग लगेंगे। रजिस्ट्रेशन के बाद उद्योग के लिए औद्योगिक केंद्र विकास निगम (एकेवीएन) ने 30 उद्योगपतियों को जमीन का आवंटन कर दिया है। इनमें से सात की रजिस्ट्री हो चुकी है। दस्तावेजी कार्रवाई चल रही है, जल्द पजेशन दिया जाएगा। इसके बाद उद्योगपति निर्माण कर सकेंगे। साल के आखिरी तक उद्योग शुरू हो जाएंगे। 90 फीसदी काम पूरा होने के बाद अब सरकार ने नमकीन क्लस्टर के उद्घाटन की रूपरेखा बनाना शुरू कर दिया है। उद्घाटन के साथ ही तीन से चार उद्योग की नींव भी रखी जा सकती है।

भास्कर

टंकी से रोजाना जलापूर्ति की शुरुआत की गई है। अब नगर टंकी से रोजाना पानी की शुरुआत होना है।

# डेढ़ साल में शहर की सभी 17 टंकियों से मिलने लगेगा रोजाना पानी, कस्तूरबा नगर टंकी से हो चुकी शुरुआत


- जलप्रदाय व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने लगातार ठीक किए जा रहे पाइप लाइन के लीकेज और खराब वॉल्व
- 2021 में पूरे शहर में होने लगेगी रोजाना पानी की आपूर्ति

भास्कर संवाददाता | रतलाम

20 साल से एक दिन छोड़कर मिल रहे पानी की वजह से परेशान शहरवासियों को नए साल से कुछ दिन पहले तब राहत मिली जब कस्तूरबा नगर टंकी से नियमित जलप्रदाय होने लगा। सब कुछ योजनाबद्ध चला तो आगामी डेढ़ साल में सभी 17 टंकियों से पूरे शहर में रोजाना पानी सप्लाई होने लगेगी।

चिंता की बात इसलिए नहीं क्योंकि धोलावड़ डेम की बदौलत पानी के लिए हम पहले से ही पूरी तरह आत्मनिर्भर है। गड़बड़ी वितरण सिस्टम की थी, जिसे नगर निगम अभियान चलाकर दूर करने में जुटा है। दो दशक से चली आ रही समस्या को दूर करने विधायक चेतन्य काश्यप ने सबसे पहले 2018 में खाका खींचा था। अक्टूबर में इसे अमलीजामा पहनाने की तैयारी शुरू हुई। नतीजा यह कि 14 दिसंबर से कस्तूरबा नगर टंकी से जुड़े इलाकों के 13 हजार से ज्यादा लोगों को हर रोज पानी मिल रहा है। इस साल के अंत तक पूरे शहर में रोजाना पानी देने की सप्लाई की तैयारी है। दीनदयाल नगर टंकी के बाद पोलोग्राउंड टंकी से प्रतिदिन जल वितरण किया जाएगा।

**कस्तूरबानगर टंकी : 13 हजार से ज्यादा घरों की इससे हो रही आपूर्ति**



## मौजूदा जलप्रदाय व्यवस्था

34-35 एमएलडी धोलावड़ डेम से मिल रहा

550 से ज्यादा ट्यूबवेल से मिल रहा 2 से 3 एमएलडी

पानी की जरूरत 40-41 एमएलडी

वैध नल कनेक्शन 38200 लगभग

अवैध नल कनेक्शन 3500 से ज्यादा


पाइप लाइन - 650 किमी से ज्यादा

17 टंकियां | 48 वॉल्व मैन | 4 इंजीनियर

## धोलावड़ में कितना मीटर पानी

| | |
|---|---|
| 21 जनवरी 2021 | 391.40 |
| 1 जनवरी 2021 | 392.85 |
| 1 दिसंबर 2020 | 393.95 |
| 1 नवंबर 2020 | 394.80 |
| 1 अक्टूबर 2020 | 395.00 |
| 1 सितंबर 2020 | 394.70 |

# नोटिस के बाद भी चल रहा था कॉलोनी में अवैध निर्माण, आयुक्त ने रुकवाया



रतलाम(आरएनएन)। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा होमगार्ड कालोनी रोड स्थित नवकार रेसीडेंसी के निरीक्षण के दौरान कालोनी की बाउण्ड्रीवॉल के समीप अवैध कालोनी का कार्य प्रगति पर पाये जाने पर पंचनामा बनाया जाकर संबंधित कालोनाईजर को कार्य बंद कर भूमि का समतलीकरण करने के निर्देष दिये। निगम आयुक्त द्वारा नवकार रेसीडेंसी के निरीक्षण के दौरान पाया कि कालोनी की पश्चिमी बाउण्ड्रीवॉल के समीप मोहम्मद अजहर पिता असलम खान द्वारा सर्वे क्रमांक 283/2 पर अवैध कालोनी निर्माण का कार्य प्रगति पर होकर 10 से 12 मकानों के कॉलम फाण्डेशन लेवल तक डाले गये है। निगम आयुक्त ने सीएसपी हेमन्त चौहान, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर संबंधित को कार्य बंद कर भूमि का समतलीकरण करने के निर्देष दिये। संबंधित को पूर्व में नगर निगम द्वारा अवैध कालोनी निर्माण के विरुद्ध सूचना पत्र भी दिया गया था किन्तु संबंधित द्वारा कार्य बंद नहीं किया गया।

2/5

# अवैध कॉलोनी का निर्माण कार्य रूकवाया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा होमगार्ड कॉलोनी रोड स्थित नवकार रेसीडेंसी के निरीक्षण के दौरान कालोनी की बाउण्ड्रीवॉल के समीप अवैध कालोनी का कार्य प्रगति पर पाये जाने पर पंचनामा बनाया जाकर संबंधित कालोनाईजर को कार्य बंद कर भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त झारिया द्वारा नवकार रेसीडेंसी के निरीक्षण के दौरान पाया कि कॉलोनी की पश्चिमी बाउण्ड्रीवॉल के समीप मोहम्मद अजहर पिता असलम खान द्वारा सर्वे क्रमांक 283/2 पर अवैध कॉलोनी निर्माण का कार्य प्रगति पर होकर 10 से 12 मकानों के कॉलम फाण्डेशन लेवल तक डाले गये हैं।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सीएसपी हेमन्त चौहान, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला की उपस्थिति में पंचनामा बनाकर संबंधित को कार्य बंद कर भूमि का समतलीकरण करने के निर्देश दिये। संबंधित को पूर्व में नगर निगम द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण के विरूद्ध सूचना पत्र भी दिया गया था किन्तु संबंधित द्वारा कार्य बंद नहीं किया गया।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, मनीष तिवारी, अनिता ठाकुर, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े सहित पुलिस बल व निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

अवन्तिका

## कोरोना संक्रमित मरीजों के आंकड़ों में गिरावट, लापरवाही बढ़ी

# लोगों ने मास्क और सामाजिक दूरी का पालन करना छोड़ा

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में पिछले एक सप्ताह से कोरोना संक्रमित मरीजों के आंकड़े एक दर्जन से भी कम आ रहे है। देश व प्रदेश में भी संक्रमित मरीजों के आंकड़े में गिरावट आ रही है। आंकड़ों की इन कमी के कारण लोग लापरवाह भी होते जा रहे है। न तो लोग मास्क लगा रहे है और ना ही सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा है, जबकि स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोगों का मानना है कि कोरोना का प्रकोप अभी समाप्त नहीं हुआ है।

शासन-प्रशासन की उदासीनता कहे या नागरिकों की लापरवाही, जिन्होंने मास्क का उपयोग न के बराबर कर दिया है और सामाजिक दूरी का पालन भी नहीं हो रहा है, जबकि केंद्र सरकार द्वारा निरंतर यह निर्देश दिए जा रहे है कि कोरोना संक्रमण का खतरा अभी टला नहीं है, अभी सावधानी बरतने की जरूरत है। मोबाइल में भी इस प्रकार का संदेश निरंतर मिल ही रहा है। फिर भी पता नहीं क्यो राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के कर्णधार लगातार सामाजिक दूरी का पालन नहीं कर रहे है। आने वाले चुनाव को लेकर राजनैतिक दल अपना शक्ति परीक्षण कर रहे है, रैलियां निकल रही है, धरने दिए जा रहे है, धार्मिक आयोजन भी हो रहे है और सामाजिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही है, जिनमें न तो मास्क का उपयोग हो रहा है और न अन्य सावधानियां बरती जा रही है। लगता है कोरोना संक्रमण का बड़ा आंकड़ा कभी भी लगातार आ सकता है। उसका यही कारण होगा कि लापरवाही लगातार बढ़ रही है।

दुनिया के कई देशों में कोरोना संक्रमण ने ऐसे ही करवट ली है और आंकड़े तेजी से बढ़ रहे है, ऐसा न हो कि हमारे देश में भी कोरोना का संकट पुनः तेजी से आगे बढ़े। इसलिए चाहिए कि शासन-प्रशासन कोरोना के खतरे के प्रति लोगों को सतर्क करें। राजनैतिक दल के नेताओं को भी इस पर विचार करते हुए अपनी गतिविधियों को शिथिल करना चाहिए, क्योंकि उनके निहित स्वार्थों के कारण कार्यकर्ता कोरोना संक्रमण की चपेट में आएंगे और उन्हें ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

जिले में भी अभी तक कोरोना संक्रमण से 80 मोतें हो चुकी है तथा 4 हजार 300 संक्रमित मरीज पाए गए, जिनका उपचार मेडिकल कालेज और जिला चिकित्सालय में किया गया है। अभी 139 मरीजों के सैम्पल रिपोर्ट आना बाकी है। जिले में कुल पॉजिटिव भर्ती एक्टिव मरीजों की संख्या 77 है। अभी तक 75 हजार 554 संदिग्ध मरीजों की जांच की जा चुकी है। एक्टिव कंटेनमेंट एरियों की संख्या में कमी आ रही है, जहां यह आंकड़ा 400 से अधिक पहुंच गया था वह घटकर 103 तक पहुंच गया है। स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–पृष्ठ 06 दिनांक 25/01/2021

**स्वच्छता अभियान** • महाराजा सज्जन सिंह चौराहे से नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने हरी झंडी दिखाई

# सफाई का पाठ पढ़ाने साइकिल से निकले 250 युवा

## यात्रा के स्वागत में सफाई मित्र समूह ने कई चौराहों पर रंगोली सजाई, अब हर रविवार निकालेंगे साइकिल यात्रा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहरवासियों को सफाई का पाठ पढ़ाने के लिए रविवार को 250 युवाओं ने साइकिल यात्रा निकाली। महाराजा सज्जन सिंह चौराहे से नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छत्रीपुल, नगर निगम तिराहा, कॉलेज रोड, नाहरपुरा, डालू मोदी बाजार, बजाज खाना, नीमचौक, आबकारी चौराहा, शहीद चौक, लोकेंद्र टॉकिज, न्यू रोड होकर यात्रा वापस प्रारंभिक स्थल पहुंचकर समाप्त हुई। निगम आयुक्त झारिया ने महाराजा सज्जन सिंह चौराहा पर शपथ दिलवाई। सफाई मित्र समूह ने कई चौराहों पर रंगोली सजाई थी।



साइकिल यात्रा में शामिल युवा और नागरिक। भास्कर



सम्मानित करते आयुक्त झारिया।

### यात्रियों को किया सम्मानित

नगर निगम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें इप्का लैबोरेटरीज, रतलाम रेल मंडल, रतलाम साईकिल क्लब, पैडल फॉर फिटनेस क्लब के सदस्य शामिल हैं। उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, एसबीएम शाखा के बलवंत राठौर, वासुदेव बैरागी आदि उपस्थित रहे। संचालन सोनिया मीणा, शैलेंद्र गोठवाल ने किया। आभार कार्यपालन यंत्री एससी व्यास ने माना।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनीया–पृष्ठ .02. दिनांक....25/01/.2021


# सिटीजन फीडबैक के अंकों से तय होगी रैंकिंग

## स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 : शहर में विभिन्न दीवारों पर सुंदर पेंटिंग से स्वच्छता का संदेश

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना के चलते स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 का मुख्य सर्वे दो माह आगे बढ़ने के बाद अब नगर निगम ने सिटीजन फीडबैक में बेहतर अंक लाने पर जोर दिया है। इससे पहले ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिलने से सफाई की परीक्षा में 500 अंक पक्के हो गए हैं।

गत पांच सालों से स्वच्छता सर्वेक्षण का मुख्य सर्वे 4 से 31 जनवरी के बीच पूरा हो जाता था। कोरोना के कारण 2021 का सर्वे 1 से 28 मार्च के बीच होगा। इस बार सिटीजन फीडबैक के लिए 84 दिन का समय मिला है। 1800 अंक इसके लिए रखे गए हैं। इस वजह से रैंकिंग बेहतर करने में मुख्य सर्वे से पहले फीडबैक को लेकर ध्यान दिया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम ने शहर में सभी प्रमुख मार्गों पर होर्डिंग भी लगाए हैं। सुविधाघरों, शौचालयों, सार्वजनिक स्थलों पर इंतजाम बेहतर कर सुंदर पेंटिंग से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

**इस तरह मिलेंगे अंक :** सर्विस लेवल प्रोग्रेस के 2400 अंक हैं। जुलाई से अगस्त, सितंबर से नवंबर की तिमाही के लिए 600-600 और दिसंबर से फरवरी की तिमाही के 1200 अंक हैं। इसी तरह 1800 अंक सर्टिफिकेशन के हैं। इसमें गार्बेज फ्री सिटी के 1100, ओडीएफ व वाटर प्लस के 700 अंक हैं। ओडीएफ डबल प्लस के 500 अंक मिल चुके हैं। वाटर प्लस में सैप्टिक टैंक के गंदे पानी को साफ करने के ट्रीटमेंट प्लांट लगाया जाना है। सिटीजन वाइस के 1800 अंक के लिए शहरवासियों से सीधे मोबाइल पर कॉलकर फीडबैक लिया जाएगा। 1969 हेल्पलाइन, वोट फॉर सिटी एप, एसएस 2021 पोर्टल, स्वच्छता एप का फीडबैक भी जुड़ेगा।




सैलाना रोड ओवरब्रिज पर आकर्षक पेंटिंग की गई है। ●नईदुनिया

नईदुनिया

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 7 दिनांक 25/01/2021

# कनेरी डेम : उद्योगों को 12 तो खेती के लिए 2 करोड़ लीटर मिलेगा पानी

**औद्योगिक** क्षेत्र को भरपूर पानी देने के लिए जिला मुख्यालय से महज 13.4 किमी दूर कनेरी डेम बनकर तैयार है। 12.21 करोड़ लीटर क्षमता वाले डेम से 10 करोड़ लीटर पानी उद्योगों को मिलेगा। बाकी 2 करोड़ लीटर पानी सिंचाई से आसपास के 13 से ज्यादा ग्राम में लगभग 500 हेक्टेयर में सिंचाई होगी। जल संसाधन विभाग के ईई एचके मालवीय के अनुसार जलसंसाधन विभाग का यह डेम धोलावड़ के बाद यह जिले का दूसरा सबसे बड़ा डेम है। इससे डोसीगांव, दिलीप नगर औद्योगिक क्षेत्र और नमकीन क्लस्टर के साथ नए इंडस्ट्रियल पार्क तक पानी पहुंचाया जाएगा।



## ऐसा है हमारा कनेरी डेम

क्षेत्रफल **1000** हेक्टेयर

सिंचित क्षेत्र **506** हेक्टेयर

ऊंचाई **27.50** मीटर

लागत **35** करोड़

**इन ग्रामों में होगी सिंचाई** कनेरी, दंतोड़ा, मोरवनी, लालगुवाड़ी, लाखिया, सिमलापाड़ा, बागेड़िया, लखनगढ़, घोड़ाखेड़ा व अन्य।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार दै. भास्कर पृष्ठ 15 दिनांक 25/01/2021

# करमदी गांव अब नगर का हिस्सा, यहां शहर जैसी ही मिलेंगी सुविधाएं

**114 भूखंड उद्योग स्थापना के लिए विकसित किए गए 06 इकाइयां उत्पादन में आने की प्रक्रिया में, रतलामी नमकीन के नाम से जीआई टैग भी मिला**



नमकीन क्लस्टर. औद्योगिक क्षेत्र करमदी रोड पर आवंटित भूमि पर सेव निर्माण, बेकरी प्रोडक्ट, मिल्क प्रोडक्ट, मसाला निर्माण मिनरल वाटर की इकाई का काम जारी है। यहां पर कई यूनिटों ने अपना कामकाज शुरू कर दिया है।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–पत्रिका–––पृष्ठ 05 दिनांक 25/01/2021

एनसीसी, स्काउट गाइड नहीं ले सकेगी हिस्सा

# इस बार गणतंत्र दिवस पर सिर्फ पुलिस के जवान ही करेंगे परेड



रतलाम @ पत्रिका. गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लेकर पुलिस-प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। यह पहला मौका होगा जब परेड में एनसीसी, स्काउट गाइड सहित अन्य संस्थाओं को सहभागिता निभाने को नहीं मिलेगा।

गणतंत्र दिवस को लेकर सभी विभागों के द्वारा झांकियां भी बनाई जा रही हैं जिन्हें परेड के बाद प्रदर्शित किया जाएगा। इन झांकियों में सबसे खास स्वास्थ्य विभाग की झांकी रहेगी जिसमें कोरोना टीकाकरण को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त महिला बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग की झांकी की अपने आप में खास होगी।

गणतंत्र दिवस को लेकर फिलहाल पुलिस और प्रशासन की तैयारी पूरी हो चुकी है। पुलिस के द्वारा रविवार को परेड की अंतिम रिहर्सल को भी अंजाम दिया जा चुका है जिसमें पुलिस कर्मियों द्वारा मास्क पहनकर परेड की गई। परेड में शामिल पुलिसकर्मियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए इस बार मास्क पहनकर ही हर किसी ने परेड का पूर्वाभ्यास किया। रिहर्सल के दौरान कलेक्टर गोपाल चन्द्र डाड और पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने निरीक्षण किया।

# देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे

## गणतंत्र दिवस कल, जगह-जगह शान से फहराएगा तिरंगा



पुलिस परेड ग्राउंड में रिहर्सल का जायजा लेते हुए जीप में सवार कलेक्टर गोपालचंद्र डाड आदि। ● नईदुनिया

**रतलाम।** गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस मौके पर जगह-जगह राष्ट्र की आन, बान और शान का प्रतीक तिरंगा फहराया जाएगा। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड में मुख्य समारोह होगा। यहां देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है।

पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा सुबह 9:30 बजे रंगमहल सखवाल नगर स्थित कार्यालय पर झंडावंदन किया जाएगा। पेंशनर्स राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के बाद एसोसिएशन की बैठक होगी। अध्यक्ष कीर्ति कुमार शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष एमएल भट्ट, संयोजक गीता राठौर, संरक्षक कैलाश उपाध्याय, बीएल माहेश्वरी, बीएन द्विवेदी, पीडी बैरागी, सचिव एमएल नगावत, कोषाध्यक्ष प्रेम बेनावत, एसएन जोशी, सीएल गौतम आदि ने पेंशनर्स साथियों से उपस्थित रहने की अपील की है। इसी प्रकार कॉलेज रोड स्थित श्रद्धा-सबुरी टी स्टॉल पर गोपालसिंह गेहलोत मित्र मंडल द्वारा सुबह 8:30 बजे झंडावंदन किया जाएगा। समाजसेवी विजयसिंह चौहान, श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश संयोजक यादवेंद्रसिंह तोमर झंडावंदन करेंगे। यह जानकारी मंडल के गोपालसिंह गेहलोत ने दी। सामाजिक संस्था इस्लामिया-ए-हिंद कमेटी द्वारा मोमिनपुरा चौराहा पर गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। सुबह 10:30 बजे सर्वधर्म गुरुओं की उपस्थिति में तिरंगा फहराया जाएगा। यह जानकारी इक्का बैल्लूत ने दी।

### घर-घर जाकर करेंगे सम्मान

कोविड-19 के कारण इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर राज्य शासन द्वारा जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व लोकतंत्र रक्षकों को घर जाकर सम्मानित किया जाएगा। लोकतंत्र सैनानी संघ उज्जैन संभाग अध्यक्ष महेंद्र नाहर ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि जिले में 55 मीसाबंदी थे। इनमें से वर्तमान में 26 जीवित है।

### रेलवे स्टेशन पर की जांच

गणतंत्र दिवस को लेकर आरपीएफ बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और सिटी पुलिस बम, डॉग स्क्वॉड ने रेलवे स्टेशन एरिया, प्लेटफॉर्म, ट्रेन की जांच की। इस मौके पर आरपीएफ के गोपाल बोरीवाल व रवि उपाध्याय सहित स्क्वॉड के सदस्य मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल

गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के लिए रविवार को स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजन की रिहर्सल की गई। इस दौरान कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन, सीएसपी हेमंत चौहान, रक्षित निरीक्षक खिलावनसिंह कंवर आदि उपस्थित थे। इस दौरान परेड, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा सलामी, परेड कमांडरों से परिचय आदि आयोजनों की रिहर्सल की गई। संचालन के लिए आशीष दशोत्तर, डा. पूर्णिमा शर्मा उपस्थित थे।

### एक शाम शहीदों के नाम आज

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मां पद्मावती मंदिर समिति, जवाहर स्पोटर्स क्लब के तत्वावधान में एक शाम शहीदों के नाम का आयोजन मां पद्मावती मंदिर जवाहर नगर चार बत्ती सर्कल परिसर में 25 जनवरी को शाम 7 बजे से किया जाएगा। इसमें गीतकार संजय चौधरी म्युजिकल ग्रुप द्वारा देश-भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योद्धाओं का सम्मान किया जाएगा।

### तिरंगे को देंगे सलामी

**सेमलिया।** ग्राम विकास भारती द्वारा समीपस्थ ग्राम गुणावद में गणतंत्र दिवस समारोह राष्ट्रीय भावना के साथ मनाया जाएगा। समारोह में ध्वजारोहण ग्राम के वरिष्ठ नागरिक द्वारा किया जाएगा। सामूहिक राष्ट्रीय गान के साथ तिरंगे को सलामी दी जाएगी। संयोजक भंवरसिंह राठौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### तिरंगा यात्रा कल

**आलोट।** नगर राष्ट्र भक्त युवाओं द्वारा 26 जनवरी को लाल माता मंदिर परिसर से दोपहर 2 बजे तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। यह जानकारी दिलीपसिंह डोडिया व परोक्ष भरावा ने दी।

### आज निकलेगी तिरंगा यात्रा

**नामली।** गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व को लेकर नगर में तिरंगा यात्रा सोमवार दोपहर तिरंगा पैदल यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सेमलिया रोड से ढोल-धमाकों व राष्ट्रीय भक्ति गीतों के साथ पुराने बस स्टैंड, स्टेशन रोड, बस स्टैंड, पुलिस थाना, सैलाना रोड, सब्जी मंडी, होली चौक, नीमचौक, सदर बाजार, जाट मोहल्ला, जावरा रोड होते हुए सेमलिया रोड पहुंचेगी।

नईदुनिया

# पुलिस लाइन ग्राउंड पर की गई गणतंत्र दिवस की फाइनल परेड




**रतलाम |** पुलिस लाइन स्थित ग्राउंड में 15 जनवरी से चल रही प्रैक्टिस के बाद रविवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। परेड, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा सलामी और परेड कमांडरों से परिचय आदि की रिहर्सल की गई। इस अवसर पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे। 26 जनवरी को मुख्य परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आरआई खिलावनसिंह कंवर करेंगे।

भास्कर

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ 07 दिनांक 25/01/2021

# इंदौर जैसा अहसास देती तस्वीर : क्लीन रतलाम के लिए चेतक ब्रिज पर बनाई आर्ट पेंटिंग




रतलाम | स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में अच्छी रैंकिंग के लिए नगर निगम ने सफाई को बेहतर बनाने के बाद अब शहर को सुंदर बनाने की कवायद शुरू कर दी है। आर्ट पेंटिंग, कलाकारों ने चेतक (सैलाना) ब्रिज, प्रतापनगर ओवर ब्रिज की साइड रैलिंग और टॉप की वॉल पर पेंटिंग कर सजा दिया है जो इंदौर जैसा अहसास करा रही है। फोटो-बिंदू मेहता

**225 से ज्यादा स्थानों पर होगी पेंटिंग :** शहर के 225 से अधिक स्थानों पर इसी तरह आर्ट पेंटिंग की जाएगी। इनमें चौराहे, सरकारी कार्यालयों की बाउंड्रीवॉल, सुलभ कॉम्प्लेक्स, सामुदायिक शौचालय के साथ अन्य सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। खास बात यह है कि यह क्रम सालभर चलेगा, जिस पर नगर निगम 18 लाख रुपए से ज्यादा खर्च करेगी।

**लोगों को जोड़ने नारे भी लिखेंगे :** आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छता अभियान में लोगों का साथ मिलना बहुत जरूरी है। उन्हें जोड़ने के लिए पेंटिंग के साथ 100 से ज्यादा स्थानों पर नारे, स्वच्छता का संदेश देते चित्र भी बनाए जाएंगे। इसके लिए खास तौर पर ऐसी जगह का चयन किया है जिससे की ज्यादा से ज्यादा लोग देख व पढ़ सकें। भास्कर

## साइकिल दौड़

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए शहर ने लिया संकल्प

पत्रिका सोशल वैल्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** सुबह के करीब 9 बज रहे थे। रविवार को आसमान में हल्की कुनकुनी धूप निकलने को तैयार थी, लेकिन ठंडी ठंडी हवा मौसम को सर्द बनाए हुए थी। इन सब के बीच शहर के स्टेडियम मार्केट में नगर निगम की तरफ से स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए आयोजित साइकिल दौड़ के लिए चारों दिशाओं से चालक का आना शुरू हो गया था।



करीब 9.15 बजे चालक एकत्रित हो गए थे, इन सब में आकर्षण का केंद्र थी 7 वर्ष की भव्या चौधरी जो अपनी साइकल स्वयं लेकर आई थी। भव्या का स्वागत मंच पर बुलाकर आयोजन की संचालिका सोनिया मीणा से लेकर आयुक्त सोमनाथ झारिया तक ने किया। इस दौरान स्वच्छता का संकल्प भी शहर के विभिन्न मोहल्ले से आए युवाओं से लेकर बच्चों को दिलाया गया।

### पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

साइकिल यात्रा की शुरुआत कलेक्टर गोपालचंद्र डाड व पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी को करना थी, लेकिन वे किसी कारण से नहीं आए। सुबह 9.30 बजे रैली दो बत्ती से शुरु होकर छत्रीपुल, नगर निगम तिराहा, कालेज रोड़ नाहरपुरा, डालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, बजाजखाना, तोपखाना, नीमचौक, लोहार रोड़, आबकारी चौराहा, शहीद चौक, लोकेन्द्र टाकीज, न्यूरोड से होते हुए फिर से दो बत्ती पहुंची। रैली का शहर के विभिन्न स्थान पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। इसके बाद रैली में शामिल नन्हे नन्हे बच्चों का सम्मान किया गया। इस दौरान प्रिया सोनी, ऋषिका कसेरा, नैतिक कसेरा, खुशी कसेरा, आदित्य कसेरा, अनिल कसेरा, तरुण संघवी, गौरव वोहरा, तनिष राठौर, अर्थव सोनी सहित करीब 200 से अधिक का सम्मान व प्रमाणपत्र दिए गए। इस दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, उपायुक्त सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे। आयोजन विजय गुप्ता ने बताया कि अगले रविवार को दौड़ का आयोजन स्टेडियम मार्केट से ही होगा।

# नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नजरिया बदलना होगा

**स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर के विभिन्न हिस्सों में जागरुकता कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों ने लिया संकल्प**

दैनिक अवंतिका ● रतलाम

शहर की स्वच्छता को लेकर नगर निगम का अमला दिन-रात काम कर रहा है। साफ-सफाई केवल सफाई कर्मचारियों की ही जिम्मेदारी नहीं है, यह नागरिकों की जिम्मेदारी है कि हम अपने शहर को साफ और सुरक्षित रखें। हमें यह नजरिया बदलना होगा। पुरानी आदतों को बदलने में समय लगेगा। पर मुश्किल काम भी नहीं है।

शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए आम लोगों की भागीदारी जरूरी है। इसके लिए आम लोगों को भी स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। लोगों को गंदगी से होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया जाता है। साथ ही आसपास की साफ-सफाई के लिए भी प्रेरित किया जाता है। इसके अलावा कुछ सामाजिक संगठन भी स्वच्छता को लेकर लोगों को लगातार जागरूक करते रहते हैं।

शहर की सफाई के लिए सभी लोगों की भागीदारी जरूरी है। लोग सड़क,नाले और नालियों पर जहां-तहां कूड़े-कचरे को न फेंके, बल्कि हमेशा डस्टबिन में ही कूड़े को डालें और इसका निपटान कचरा संग्रहण वाहन में ही करें।

इसके लिए लोगों को भी जागरूक करें। सभी की भागीदारी से ही हम साफ और स्वच्छ शहर की कल्पना कर सकते हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रंगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

रतलाम शहर के सैकड़ों स्थानों पर खुले में कचरा डालने वालों को रोकने के लिए नगर निगम की ओर से अनोखा प्रयोग किया और सैकड़ों स्थान कचरा मुक्त हुए और इन पर रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन सार्वजनिक स्थानों, बागीचों, खेल मैदानों आदि स्थानों पर भी स्वच्छता का संदेश दिया जाकर स्वच्छता की दौड़ में रतलाम को नम्बर-1 बनाने का आव्हान लोगों से किया जा रहा है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश व स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने कूड़ा केवल डोर टू डोर कूड़ा ढोने वाले वाहनों में ही डाले। खुले में कचरा डालने वालों पर नगर निगम द्वारा जुर्माने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

**गौण खनिज के नियम बदले:** सरकार के खजाने में आएंगे हर साल पांच हजार करोड़

# प्रदेश में 25 फीसदी तक महंगे हो जाएंगे निर्माण और विकास कार्य

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** प्रदेश में विकास और निर्माण कार्य 20 से 25 फीसदी तक महंगे हो जाएंगे। इसका मुख्य कारण गौण खनिज नियमों में बदलाव कर बढ़ाए गए तमाम शुल्क बताए जा रहे हैं। हालांकि इन नियमों से सरकारी खजाने में करीब पांच हजार करोड़ रुपए हर साल आएंगे। जिन क्षेत्रों में खदाने हैं उन क्षेत्रों के विकास कार्य कई गुना बढ़ जाएंगे।

नए नियमों के अनुसार खदान के लिए आवेदन शुल्क पांच गुना बढ़ा दिया गया है। फर्शी-पत्थर, लेट्राइट, डोलोमाइट क्ले सहित अन्य गौण खनिजों की खदान लेने पहले पांच हजार रुपए फीस लगती थी। अब 25 हजार रुपए फीस देनी होगी। मुरुम की खदानों के आवेदन शुल्क को 250 से बढ़ाकर सीधे 1500 रुपए कर दिया गया है। खदान संचालकों को रेत की तरह प्रति वर्ष 10 से 30 फीसदी राशि डिस्टिक मिनिरल फंड (डीएमएफ) में जमा करनी होगा। नई खदानों को दस फीसदी राशि इस फंड में जमा करनी होगी और पुरानी खदानों को 30 फीसदी राशि इस फंड के लिए देनी होगी। इसके अलावा अपील में उन्हें जुमनि की 25 फीसदी राशि जमा करनी होगी।



## खदान लेकर बंद रखना पड़ेगा महंगा

खदान लेकर उसे बंद रखना संचालकों के लिए महंगा सौदा होगा। खदान संचालक को शुल्क प्रति हेक्टेयर प्रति वर्ष करीब एक लाख रुपए जमा करना होगा। यह राशि उन संचालकों को भी देनी होगी जो नाम मात्र के लिए खदान संचालित करते हैं। सरकार ने वार्षिक भाड़े की न्यूनतम राशि निर्धारित की है। हालांकि फर्शी पत्थर के लिए यह भाड़ा दो लाख रुपए से घटाकर डेढ़ लाख रुपए किया है।

## 30 वर्ष के लिए आवंटन

खदानें तीस वर्ष के लिए दी जाएंगी। इसके बाद 10-10 साल के लिए उनका नवीनीकरण किया जाएगा। एसटी-एससी वर्ग के लिए खदानें आरक्षित की जाएंगी। इसके अलावा सहकारी समितियों और महिला समूहों को भी खदान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। उत्खनन करने मिट्टी, गिट्टी, मुरुम सहित अन्य बेकार खनन की भी अब रॉयल्टी देनी होगी।

गिट्टी-मिट्टी और मुरूम सहित अन्य गौण खनिज महंगी हो जाएंगी। क्योंकि सरकार ने तमाम तरह के शुल्कों में बढ़ोत्तरी कर दी है। जब खदान संचालकों को बढ़ी राशि सरकार को देनी पड़ेगी तो इसका असर आम जनता पर भी पड़ेगा।

**देवेन्दर पाल सिंह चावला,**
अध्यक्ष, एमपी स्टोन क्रशर इंडस्ट्री एसोसिएशन

पत्रिका

YA PRADESH: JABALPUR
ING E-TENDER

2020 का अंत जलापूर्ति को लेकर शहरवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी देकर गया। कस्तूरबा नगर पानी की
शहर के विभिन्न इलाकों में रोजाना जलापूर्ति का शेड्यूल बनाया जा रहा है। अगले क्रम पर दीनदयाल

# पानी के लिए आत्मनिर्भर होगा रतलाम



## लापूर्ति प्लान : पर्याप्त पूर्ति के लिए ऐसे चल रही तैयारी

केज - 23 अक्टूबर से अब तक नगर निगम
वड़ डेम की मुख्य पाइप लाइन और टंकियों की
ई लाइन के 127 वॉल्व व पाइप लाइन के 627 लीकेज ठीक कर चुका है।

**आत्मनिर्भर रतलाम**

- **मॉनिटरिंग** - इसके लिए निगम ने
म जलशक्ति अभियान नामक वॉट्सएप ग्रुप
है। टंकियों से जलप्रदाय की स्थिति के साथ
व अन्य समस्या की जानकारी भी इस पर साझा करके तुरंत दूर की जा रही है।
- **मेंटेनेंस** - मोरवानी फिल्टर प्लांट में एक 355 एचपी व 250 एचपी के दो तथा धोलावड़ डेम के पुराने इंटकवेल में 355 एचपी का एक, 306 एचपी के दो तथा एक 180 एचपी का पंप और नए इंटकवेल में 250 एचपी के तीन पंप लगे हैं। सभी मेंटेनेंस करने के साथ एक-एक अतिरिक्त पंप लगाए जा रहे हैं।
- **ऑटो कनेक्शन** – फॉल्ट, मेंटेनेंस, शटडाउन सहित अन्य कारणों से धोलावड़ इंटकवेल के पंप बंद न हो इसके लिए रावटी फीडर से ऑटो कनेक्शन लिया जा रहा है।

### रिव्यू के बाद दूसरी टंकियों से आपूर्ति शुरू करेंगे

*धोलावड़ डेम में हमेशा पर्याप्त पानी रहता है। सिर्फ बिगड़ी व्यवस्था के कारण लगभग दो दशक से शहर में एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा था। कस्तूरबा नगर से डेढ़ माह से लगातार सफलतापूर्वक नियमित जलप्रदाय हो रहा है। इसका रिव्यू करते हुए धीरे-धीरे करके दूसरी टंकियों से भी शुरुआत करेंगे।*

**चेतन्य काश्यप**, विधायक

### अभियान चलाकर लीकेज को ठीक कर रहे हैं

*हर दिन पानी देने के लिए टंकियों से जुड़ी पाइप लाइन के लीकेज और खराब वॉल्व को अभियान चलाकर ठीक किया जा रहा है। पंप के मेंटेनेंस करने के साथ शेड्यूल में भी सुधार किया जा रहा है। लगातार मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। दीनदयाल नगर सहित कुछ अन्य टंकियों से भी नियमित सप्लाई की टेस्टिंग हो चुकी है।*

**सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–राज एक्सप्रेस पृष्ठ 03 दिनांक 25/01/2021



# स्वच्छता के लिए साईकिल लेकर दौड़ा रतलाम

रतलाम(आरएनएन)। स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की मुहिम के चलते नगर निगम द्वारा साईकिल दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में शहर के कोने-कोने से साईकिल सवार शामिल होकर नगरवासियों ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का आव्हान किया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ रतलाम साईकिल यात्रा का आयोजन में जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी के आतिथ्य और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। साईकिल यात्रा रविवार सुबह 9 बजे दो बत्ती से शुरु होकर छत्रीपुल, नगर निगम तिराहा, कालेज रोड़, नाहरपुरा, झालूमोदी बाजार, गणेश देवरी, बजाजखाना, तोपखाना, नीमचौक, लौक्षर रोड़, आबकारी चौराहा, शहीद चौक, लोकेन्द्र टाकीज, न्यू रोड़ से होते हुए पुनः दो बत्ती पहुंची।



## स्वच्छता को लेकर साइकिल रैली निकाली

रतलाम ● स्वच्छ रतलाम, स्वस्थ रतलाम सर्वेक्षण में प्रथम बने रतलाम इस आशय को लेकर नगर में साइकिल रैली निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होती हुई दो बत्ती चौराहे पहुंची। रैली के पूर्व निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। रैली में काफी संख्या में सामाजिक संस्थाओं के कार्यकर्ता, विद्यार्थी, निगम कर्मचारी शामिल थे। श्री झारिया ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा नागरिकों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए यह रैली आयोजित की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम शहर को देश में नंबर-1 पर बनाने के लिए शहर के नागरिक अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने रैली में भाग लेने वालों के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

भास्कर ... 23/01/2021

# धोलावड़ : शहर की प्यास के साथ सिंचाई की पूरी आस

रतलाम। धोलावड़ जलाशय का उपयोग मत्स्य पालन, सिंचाई एवं पेयजल के लिए होता है। इसकी भराव क्षमता 54.30 मिलियन क्यूबिक मीटर है। इसमें 49.95 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध रहता है। जलाशय में 183.81 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र से पानी का स्टोरेज होता है और यह जलाशय 597 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है।

रतलाम पर्यटन विकास परिषद की 27.02.2017 को हुई बैठक में निर्णय अनुसार 10.3.2017 से ईको टूरिज्म पार्क धोलावड़ का भव्य शुभारंभ किया गया है जो सफलतापूर्वक निरंतर संचालित है। जलाशय के मध्य में एक टापू है जिस पर पर्यटकों के नाइट कैंपिंग के लिए मूलभूत सुविधा (शौचालय) उपलब्ध कराई है। पर्यटक यहां रात्रि विश्राम, चाय, नाश्ता एवं भोजन के साथ अन्य गतिविधियों का आनंद प्राप्त करते हैं।

धोलावड़ डेम क्षेत्र को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किए जाने के लिए आयलैंड पर टेंट कैंपिंग व अन्य साहसिक खेल हेतु प्रयास किए गए। इसके लिए सभी पर्यटन संबंधी गतिविधियों को संचालित करने के लिए वन विभाग के माध्यम से संबंधित क्षेत्र की ग्राम वन समितियों के इच्छुक 61 सदस्यों को चुना जाकर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन्हें 4000 रुपए मासिक मानदेय की दर पर नियोजित किया है।

पार्क में पर्यटकों के आनंद के लिए जल गतिविधि हेतु 02 मोटर बोट, 02 वाटर स्कूटर सहित फ्लोटिंग जेटी उपलब्ध है। पार्क में तीरंदाजी, पेंट बॉल, बैलेंस द रोप, माउंटेन बाइकिंग, साइकिलिंग, बैलेंस द रोप, की क्रॉल टावर कॉल की गतिविधियां भी उपलब्ध हैं। पार्क में पर्यटकों के स्वल्पाहार की व्यवस्था हेतु कैंटीन भी उपलब्ध है जहां मात्र 150 रु. प्रति व्यक्ति की दर पर दाल-पानिये तैयार कर पर्यटकों को उपलब्ध कराए जाते हैं।

कोविड-19 संक्रमण के कारण पार्क में पर्यटकों का आवागमन पूर्णतः बंद हो गया था। इसके कारण पार्क में कार्य करने वाले गतिविधि सहायकों को मानदेय प्रदान किए जाने में कठिनाई हो रही थी। पार्क में गतिविधियों की उपलब्धता के दृष्टिगत 25.12.2020 से 05 जनवरी 2021 तक पर्यटन महोत्सव का आयोजन किया गया।

आयोजन की सफलता हेतु कलेक्टर गोपालचंद डाड द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रतलाम संदीप केरकेट्टा को पर्यटन महोत्सव का प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए निशिकांत शुक्ला सचिव जिला पुरातत्व एवं पर्यटन परिषद रतलाम को दायित्व सौंपा। साथ ही अन्य विभागों से भी आवश्यक सहयोग लिया गया।

उक्त आयोजन में बीआईपी टेंट पर्यटकों हेतु उपलब्ध कराए गए जिससे 1.67 लाख तथा अन्य गतिविधियों से 4.05 लाख की आय सहित कुल आय 5.72 लाख अर्जित की गई। लगभग 20 हजार से अधिक पर्यटकों द्वारा उक्त महोत्सव में भाग लिया गया है। पार्क में जेटी पर कैंटीन हेतु 02 गाजेबो का भी निर्माण किया है। वर्तमान में 20 गतिविधि सहायक पार्क में उपलब्ध समस्त गतिविधियों को करवा रहे हैं। पार्क निरंतर पर्यटकों हेतु खुला है तथा अवकाश दिवसों में अधिक भीड़ होती है।



**सफलता की कहानी**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 11 प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं। इनमें पर्यटन क्षेत्र में विकास एवं इसके माध्यम से स्थानीय नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराना शामिल है। इसके तहत 27.02.2017 को रतलाम पर्यटन विकास परिषद की बैठक आहूत की गई। इसमें रतलाम से मात्र 25 किमी की दूरी पर स्थित धोलावड़ जलाशय को इकोलॉजिकल पर्यटन स्थल की तर्ज पर पर्यटकों के लिए विकसित करने हेतु कलेक्टर के मार्गदर्शन में चयनित किया गया। यह स्थान प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। इस जलाशय की सबसे अहम विशेषता प्राकृतिक सौंदर्यता के बीच जलक्रीड़ा के स्वप्न को साकार करना है।





संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– दै. भास्कर –पृष्ठ ...16... दिनांक ...25/01/...2021

# सेंव निर्माण, बेकरी प्रोडक्ट, मिल्क प्रोडक्ट, मसाला निर्माण व मिनरल वाटर की इकाई नमकीन क्लस्टर में ले रही आकार

- नमकीन क्लस्टर में 124 भूखंड, करमदी रोड
- 18.14 हेक्टेयर क्षेत्रफल
- 2016 फरवरी में शुरू हुआ था निर्माण
- 13.5 करोड़ रु. इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च
- 124 भूखंड



## होगा विकास, मिलेंगी मूलभूत सुविधाएं

करमदी गांव शहर का हिस्सा है और यहां शहर जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। यहां के लोगों की जमीन मांगरोल रोड पर है। मांगरोल तक की सड़क भी स्वीकृत करा दी है। इससे जमीनों की कीमत दस गुना बढ़ जाएगी। करमदी से मथुरी तक सड़क व नमकीन क्लस्टर के पास से निकलने वाले रिंगरोड का भी लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। करमदी क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में 65 मकान बनकर तैयार हो चुके हैं।

बाकी अगले सर्वे में लाभ दिलाएंगे। यहां अब कोई कच्चे मकान में नहीं रहेगा। करमदी में 68 लाख रुपए की योजना से पानी पहुंचाने का काम किया है। करमदी में विधायक निधि से स्ट्रीट लाइट लगवाई है। पंचायत व बिजली कंपनी के बीच विवाद के कारण स्ट्रीट लाइट सुचारू नहीं है। इसका निपटारा कर गांव को अंधेरे से मुक्ति दिलाएंगे। करमदी क्षेत्र में पुलिया निर्माण के लिए दो करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार कर भेजा है। करमदी में मांगलिक उपयोग के लिए 20 लाख रुपए का भवन स्वीकृत हो चुका है।

## एक जिला एक पहचान अभियान

एक जिला एक पहचान अभियान अंतर्गत जिले में एक उत्पाद के चयन हेतु महाप्रबंधक/सदस्य सचिव द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि जिले में 27682 हेक्टयर में 261769 टन लहसुन का उत्पादन होता है। जिले में लहसुन आधारित उद्योग जैसे- डीहाइड्रेड लहसुन गार्लिक फ्लेक्स, गार्लिक पाउडर, गार्लिक पेस्ट उद्योगों की स्थापना की प्रचुर संभावना है। साथ ही लहसुन का मसाले एवं औषधि के रूप में उपयोग होने के कारण साथ ही मानव की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। विदेशों में भी लहसुन की मांग है। सदस्यों ने अवगत कराया कि रतलाम से रतलामी नमकीन के नाम से जीआई टैगिंग कराई गई है। रतलामी नमकीन का निर्यात भी हो रहा है। रतलामी नमकीन के विकास की प्रचुर संभावना है। अतः रतलामी नमकीन को भी एक जिला एक उत्पादन के रूप में रतलाम जिले हेतु विचार किया जाए। अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से एक जिला एक उत्पादन पहचान के अंतर्गत रतलाम जिले हेतु रतलामी नमकीन का चयन किया गया।

भास्कर

## कार्यवाही विवरण


जिला स्तरीय निर्यात संवर्द्धन समिति की बैठक दिनांक 03.12.2020 को श्री गोपालचंद डाड (आईएएस) कलेक्टर महोदय, जिला रतलाम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें निम्न शासकीय/ अशासकीय सदस्य उपस्थित थे।

- राजेश गर्ग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सेंट्रल बैंक, रतलाम
- हेमंत लिम्ये, नाबार्ड, रतलाम
- विजय चौरे, जिला समन्वयक, सेडमेप, रतलाम
- जी.एस. मोहनिया, उपसंचालक, कृषि, रतलाम
- पी.एस. कनेल, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग, रतलाम
- वरुण पोरवाल, संस्थापक, मालवा चैम्बर ऑफ कॉमर्स इण्डस्ट्रीज, रतलाम संभाग
- नीलेश सेलोत, मेसर्स जैन प्रोडक्ट, रतलाम
- हरिराम शाह, डायरेक्टर, मालवा फ्रेस एग्रो प्रोड्यूसर, रतलाम
- महेंद्र नागराज,प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, रतलाम

सर्वप्रथम सदस्य सचिव महाप्रबंधक द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया गया कि म.प्र शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड के दायित्वों के अंतर्गत जिला स्तरीय निर्यात संवर्द्धन समिति का गठन किया गया है।

इसके तहत भारत सरकार वाणिज्य मंत्रालय नई दृष्टि से उत्पादों का चयन, जिले की निर्यात् योजना तैयार करना तथा समिति के माध्यम से नियमित समीक्षा की जाएगी। इस हेतु जिला स्तर पर समिति का गठन किया गया। उक्त समिति भारत सरकार महानिदेशक, विदेश व्यापार के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के साथ समुचित समन्वय कर कार्य संपादित करेगी।

# अब हर रविवार को निकलेगी स्वच्छता साइकिल रैली



साइकिल चलाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए निगम अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक। • नईदुनिया

नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता की दौड़ में शहर नंबर 1 बनकर रहेगा, स्वच्छता से जुड़े नियमों का पालन हर कोई करेगा साथ ही इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित किया जाएगा। यह संकल्प रविवार को नगर निगम द्वारा आयोजित साइकिल रैली में शामिल युवाओं, बच्चों व महिलाओं ने लिया। दो बत्ती स्थित काला घोड़ा चौराहा से शुरू हुई रैली को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वयं साइकिल पर सवार होकर हरी झंडी दिखाई। रैली में कलेक्टर व एसपी को भी पहुंचना था, लेकिन 26 जनवरी की परेड के रिहर्सल में होने से वे नहीं आए। दो बत्ती से शुरू हुई साइकिल रैली छत्रीपुल, नगर निगम तिराहा, कालेज रोड, नाहरपुरा, डालू मोदी बाजार, गणेश दैवरी, बजाज खाना, तोपखाना, नीमचौक, लौहार रोड, आबकारी चौराहा, शहीद चौक, लोकेन्द्र टॉकीज, न्यू रोड होते हुए पुनः काला घोड़ा चौराहा पहुंची। यहां आयुक्त ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**बच्चों ने कहा स्वच्छता ही स्वस्थता की कुंजी है :** साइकिल रैली में शामिल हुए बच्चों ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थता की कुंजी है। हमें अपने घर, दुकान के साथ ही अपने आसपास के क्षेत्र सहित संपूर्ण नगर को साफ व स्वच्छ रखने में अपना योगदान देना चाहिये। सफाई मित्र समूह ने रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। रैली में शामिल साइकिल सवारों को निगम आयुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नगर निगम की सहयोगी संस्था आस्था के टीम लीडर विजय गुप्ता व अन्य सदस्यों ने निगम आयुक्त व निगम अधिकारियों का सम्मान प्रतीक चि- भेंट कर किया। आयुक्त ने कहा कि बालक-बालिका व युवाओं के उत्साह को देखते हुए अब प्रत्येक रविवार को स्वच्छता साइकिल रैली निकाली जाएगी।

## सामाजिक संस्थाओं, अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल

साइकिल रैली में रतलाम साइकिल क्लब, पैडल फॉर फिटनेस क्लब, इप्का, पश्चिम रेलवे के साइकिल सवारों सहित उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, स्टेशन रोड थाना प्रभारी किशोर पाटनवाला के अलावा निगम अधिकारी एमके जैन, एपी सिंह, सत्यप्रकाश आचार्य, रामचंद्र शर्मा, राजेन्द्र मिश्रा, बीएल चौधरी, विकास मरकाम, सिद्धार्थ सोनी, मनीष तिवारी, कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, बलवंत राठौर, वासुदेव बैरागी, टीम आस्था के सदस्य फिरोज परवेज, राहुलसिंह राठौर, स्वागत मेहता, संस्कार गुप्ता, चेतन पड़िहार, मंगल मालवीय सहित जनप्रतिनिधि, नागरिक, बालक-बालिकाएं आदि शामिल हुए। संचालन सोनिया मीणा व शैलेंद्र गोठवाल ने किया। आभार कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास ने माना।